बरेली, गुरुवार
24 नवंबर, 2022
नगर संस्करण

दैनिक जागरण

प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्यमूर्ति ● सौ . एसआरएमएस

टेक्निकल स्किल पर भविष्य निर्भर

जासं, बरेली: श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी एंड रिसर्च में बुधवार को एक दिवसीय स्टेट लेवल टेक फेस्ट-2022 (टेक्नोवेगेंजा) का आयोजन हुआ। कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के साथ राजश्री कालेज, आरबीएमआइ कालेज, फ्यूचर कालेज के 500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी दी। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। ऐसे युवा जो टेक्निकल स्किल और नालेज में पारंगत हों, उनकी सभी जगह जरूरत है। एसआरएमएस की इंजी. मानवी मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करना है। ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा.एसबी गुप्ता, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा. रिंटू चतुर्वेदी, डा. नसीम अख्तर, फार्मेसी की डायरेक्टर डा.आरती गुप्ता, अंकुर कुमार, नेहा शर्मा मौजूद रहीं।

एसआरएमएस के छात्रों का रहा जलवा: टेक्नोवेगेंजा की स्केवेंजर हंट स्पर्धा में एसआरएमएस सीईटीआर के छात्र अरुण कुमार और सार्थक बोहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेक विज स्पर्धा में भी एसआरएमएस सीईटीआर के शेखर सिंह ने पहला, एप टेककैचेजाजेशन में एसआरएमएस सीईटी की छात्रा सौम्या गुप्ता, इनोवेटिव माइंड में एसआरएमएस सीईटी की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस टीम में तस्मिया, आशिफा और अक्षय शामिल रहे। ऐस द मीडिया में एसआरएमएस कालेज आफ ला के कृपा नारायण ने पहला स्थान पाया।